हरिभूमि (Hari Bhoomi)

दिनौंक (Dated): 13.03.2024 | पृष्ठ सं० (Page No). 13 | क्रम सं० (Serial No.) 2

55 वें स्थापना दिवस पर उतई पहुंचे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री

सीआईएसएफ का 20 हजार स्ट्रेंथ बढ़ा : नित्यानंद राय

स्थापना दिवस पर जवानों ने दिखाए शानदार करतब

सीआईएसएफ का स्थापना दिवस उतई स्थित केन्द्रीय ट्रेनिंग सेंटर में धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान केन्द्रीयट गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि के रुप मे मौजूद थे। उन्होंने परेड की सलामी ली। साथ ही भारत के प्रमुख कारखानों समेत एयरपोर्ट, मेट्रो को सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों को स्थापना दिवस की बधाई भी दिया है।

जवानों ने करतब दिखाकर सुरक्षा की दी जानकारी



भिलाई। सीआईएसएफ के जवानों ने डेमों के रुप में दिखाया कि उतई स्थित सीआईएसएफ केंद्रीय ट्रेनिंग सेंटर में एक साथ कई आतंकियों ने हमला कर दिया था। लेकिन सीआईएसएफ की विशेष टुकड़ी में तैनात कमांडो ने आतंकियों को नापाक मंसूबों में कामयाब नहीं होने दिया। हमला करने वाले आतंकियों को वहीं ढेर हो गए। यह डेमों सीआईएसएफ के 55 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित किया गया था। इसके बाद केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने परेड का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में सीआईएसएफ के अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा मेडल भी प्रदान किया। इस बीच सीआईएसएफ की महिला कमांडो ने प्राचीन मार्शल आर्ट की प्रस्तुति भी दी। सीआईएसएफ का अग्निशमन विभाग ने भीषण आगजनी में कैसे राहत कार्य कर बचाई जाती है उसके बारे में डेमों कर दिखाया। क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र भिलाई पहुंचने पर गृह राज्य मंत्री ने पहले बलिदानी स्मारक पर पहुंच कर शूरवीरों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य कार्यस्थल पर पहुंचने पर परेड स्थल पर सीआईएसएफ की महानिदेशक श्रीमती नीना सिंह मुख्य अतिथि को मंच तक लेकर गई। 406 बल सदस्यों से परेड ने मुख्य अतिथि को जनरल सैल्यूट देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के परेड के निरीक्षण करने के पश्चात मनमोहक मार्च पास्ट द्वारा सीआईएसएफ के बल सदस्यों ने दक्षता और समर्पण का प्रदर्शन किया।

कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने वार्षिक इन-हाउस प्रकाशन सेंटिनल-2024 और सीआईएसएफ कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पत्रकारों से बातचीत करते कहा कि सीआईएसएफ में 20 हजार का स्ट्रेंथ बढ़ा है। जिसमें एक बटालियन महिलाओं की भी है। आज सीआईएसएफ के स्थापना दिवस पर सभी को बधाई भी दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखने में सीआईएसएफ द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया। हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो, बंदरगाहों और विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बनाए रखने में सीआईएसएफ की अनुकरणीय सेवाओं पर अहम योगदान और बल सदस्यों के समर्पण पर प्रतिबद्धता की सराहना की। पुलिस प्रौद्योगिकी मिशन के तहत भारत सरकार पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को उन्नत उपकरणों और प्रौद्योगिकी से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भवष्यि की सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सीआईएसएफ को आवश्यक उपकरणों और क्षमताओं से लैस करने के लिए लगातार समर्थन और संसाधन उपलब्ध कराने की गृह मंत्रालय की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

55 वर्षो में है कई उपलब्धियां

इस अवसर पर महानिदेशक सीआईएसएफ नीना सिंह ने मुख्य अतिथि का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार जताया। महानिदेशक सिंह ने कहा कि सीआईएसएफ के 55 वर्षों की अपनी उल्लेखनीय यात्रा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां है। जिनमें महर्षि वाल्मिकी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम और जम्मू तथा श्रीनगर की कारागृहों पर सीआईएसएफ की तैनाती भी शामिल है। भारत सरकार और हर देशवासी को आश्वासन देते हुए कहा कि सीआईएसएफ का प्रत्येक बल सदस्य अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, समर्पण की भावना से निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा संकल्प और हमारी मेहनत यह सुनिश्चित करेगा कि देश की अर्थव्यवस्था के विकास को गति देने वाले सभी महत्वपूर्ण, संवेदनशील प्रतिष्ठान हर खतरे से पूर्णतः सुरक्षित हैं। जिससे देश की अर्थव्यवस्था सदैव विकास की ओर आगे बढ़ते रहे।